विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 232 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर,**
छत्तीसगढ़

2. **प्रबंध संचालक,**
अपेक्स बैंक,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

3. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
अटल नगर, नवा रायपुर

**विषय :–विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1209 अतारांकित द्वारा श्रीदलेश्वर साहू, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1209 अतारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 233 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **धान खरीदी उपरांत सूखत का प्रतिशत**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1209** ) **श्रीदलेश्वर साहू**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

अतारांकित संख्या प्रश्न 67 (क्रं.954), दिनांक 18 जुलाई, 2025 के उत्तर में बताया गया था कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समिति लेखा मिलान का कार्य प्रक्रियाधीन एवं संपूर्ण अतिशेष धान के निराकरण पश्चात् वास्तविक नुकसान एवं फायदा की जानकारी ज्ञात हो सकेगी ? खरीफ वर्ष 2024-25 से 2025-26 में राज्य में कुल कितने हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया था एवं लक्ष्य के विरूद्ध कितनी मात्रा में धान की खरीदी कर मिलिंग कराया गया है ? धान खरीदी उपरांत सूखत का प्रतिशत कितना है एवं कितने प्रतिशत सूखत के लिए कौन-कौन स्तर के अधिकारी जिम्मेदार हैं? यदिं हां तो कितनी सोसायटी को कितनी राशि प्रदान की गयी है व लंबित का भुगतान कब तक कर दिया जावेगा? क्या खरीदी किये गये धान को खुले बाजार में भी बेचा गया है? यदिं हां तो, कितनी मात्रा में व बेचने का क्या कारण है? किस प्रक्रिया के तहत धान का विक्रय किया गया है? धान विक्रय से कितनी राशि के राजस्व का नुकसान या फायदा हुआ है? उक्त जानकारी जिलेवार सोसायटीवार प्रतिशतवार देवें ?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:49 |

## Remark :

समस्त उपा.
अपेक्षित
मार्कफेड